53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.9°c
अधिकतम 26.0 °c

**अमृतवाणी**
आप अपना लक्ष्य तब तक नही पा सकते जब तक आप अपना आराम का स्तर नहीं छोड़ सकते।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:01 सूर्यास्त-6:05 | वर्ष : 53/ अंक : 41 | मंगलवार, 11 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
महाकुंभ में उमड़ रहे जन सैलाब से अखिलेश यादव को जलन हो रही है : केशव प्रसाद मौर्य



सीने में जलन आँखों में तूफान सा क्यूँ है... वो कुंभ से हैरान परेशान सा क्यूँ है.....

# कीया मोटर्स के कर्मचारियों पर करोड़ों रुपये एडवांस लेने पर हंगामा

## कथित मालिक के भाई हिरासत में, मेरठ के रहने वाले मोहित जैन बताए गए हैं कीया मोटर्स शोरूम के स्वामी

**मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में मंसूरपुर रोड पर स्थित कीया मोटर्स पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सैकड़ों की संख्या में लोग अपने एडवांस दिये गए पैसे मांगने के लिए शोरूम पर पहुंच गए। लगभग 4 बजे मंसूरपुर स्थित शोरूम पर पुलिस की मौजूदगी में कई लोगों ने कैमरे पर गवाही देते हुए बताया कि उन्हें 6-6 महीने से बेवकूफ बनाया जा रहा है, जिसमें ग्राहकों के अनुसार मुख्य आरोपी मेरठ का ही निवासी जुहैब बताया गया है। ग्राहकों का कहना है कि वे जुहैब को नकद लाखों रुपये दे चुके हैं और बदले में 3-6 महीने तक उन्हें गाड़ी की डिलीवरी का इंतजार करना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद आकाश राठी, मुर्सलीन, सुखपाल, अमान, शुभम वर्मा, आशीष बंसल, जनेन्द्र कुमार, मनीष त्यागी, सत्यवीर, वकार राणा आदि लोगों ने बुलेटिन कैमरे के सामने साफ तौर पर अपनी-अपनी रकमें, कितनी रकम किसको दी खुलकर बताया। रकम देने वाले लोगों में 2.11 लाख से 11.80 लाख रुपये तक रकम एडवांस के रूप में देने वाले मौजूद थे। आशीष बंसल का कहना है कि उसने 2.11 लाख, शुभम ने 4.60 लाख, जनेन्द्र कुमार ने 9.30 लाख, सर्वाधिक सुखपाल ने 11.80 लाख, अमान ने 9.75 लाख, मनीष त्यागी ने 7 लाख, सत्यवीर ने 4 लाख, वकार राणा ने 2 लाख इस तरह लगभग 15 लोग बुलेटिन टीम की मौजूदगी में व लिखित में रूप में अपनी पीड़ा बताते हुए दिखाई दिये। 4 बजे से शुरू हुआ हंगामा रात्रि 11 बजे तक भी नहीं रुका था। हालांकि मेरठ से आए कीया मोटर्स शोरूम मालिक के भाई ने जब अगले दिन सुबह 11 बजे तक का सभी का हिसाब करने का समय मांगा और चलने लगे तो पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। पुलिस का कहना था कि पीड़ित हमारा फजीता करेंगे इसलिए तुम्हें यानि मंगलवार 11 बजे तक हिरासत में ही रहना होगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस उन्हें अपनी हिरासत में ले गयी और रात्रि में भी उन्हें थाने में ही रखा गया।

### शोरूम स्वामी के भाई ने दिलाया पूरा पैसा वापस आने का विश्वास

**मुजफ्फरनगर।** बताया जाता है कि शोरूम स्वामी बताए जाने वाले मोहित जैन किसी कारण मेरठ से बाहर गए हुए थे। उन तक जब यह रिपोर्ट पहुंची तो उन्होंने अपने भाई को ग्राहकों को तसल्ली दिलाने के लिए मुजफ्फरनगर शोरूम पर भेज दिया। भाई ने ग्राहकों को लाख समझाने की कोशिश की कि कल सुबह 11 बजे तक उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा और किसी का भी पैसा मरेगा नहीं। पहले तो ग्राहक मान गए मगर बाद में जब शोरूम स्वामी के भाई वहां से जाने लगे तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। इसी के चलते पुलिस को उनके भाई को हिरासत में लेना पड़ा।









### नकद भुगतान पर दो से तीन लाख रुपये की बचत के झांसे में आए ग्राहक

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर रोड स्थित कीया मोटर्स के कर्मचारियों पर पीड़ितों ने खुलकर करोड़ों रुपये के गबन के आरोप लगाए। उनका कहना था कि अलग-अलग कर्मचारियों को अलग -अलग लोगों ने लाखों रुपये दे दिये। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने किस आधार पर नकद पैसे का लेन-देन किया, क्योंकि कम्पनी तो हमेशा पैसा नम्बर 1 में लेती है। इस पर ग्राहकों का कहना था कि पैसा बचाने के लालच में वे झांसे में आ गए, क्योंकि कम्पनी कर्मचारियों ने 11 लाख वाली कीया सोनेट गाड़ी 9 लाख, 16 लाख की गाड़ी कीया सेल्टोस 13 लाख में देने की बात कही थी। इसी झांसे में आकर उन्होंने दो पैसे बचाने के लिए सर्वाधिक पैसा मेरठ निवासी जुहैब को दिया। जब पुलिस ने जुहैब को कॉल किया तो उसका नम्बर बंद आया। फिलहाल जुहैब फरार बताया जा रहा है, मगर पुलिस ने अन्य कई कर्मचारियों को हिरासत में लिया हुआ है और उनसे पूछताछ जारी है कि किसने कितने-कितने पैसे लिये हैं।



हिरासत में लिया गया शोरूम मालिक का भाई

# दुकानदारों के पैसों पर सौंदर्यकरण के विरोध में एमडीए पहुंचे व्यापारी

▸ एमडीए सचिव से मिल जताया विरोध, व्यवहार पर दिखे नाराज ▸ सौंदर्यकरण के नाम पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)।** एमडीए के तानाशाहीपूर्ण रवैये के विरोध में मुजफ्फरनगर में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। लखनऊ के हजरतगंज की तर्ज पर नगर के महावीर चौक से प्रकाश चौक के मुख्य मार्ग को लेकर एमडीए अधिकारियों के तुगलकी आदेश के विरोध में सोमवार को स्थानीय व्यापारियों ने एमडीए कार्यालय पहुंच अपना विरोध दर्ज कराया। संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल एवं अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में एमडीए सचिव से मिले पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से सौंदर्यकरण की आड़ में होने वाले उत्पीड़न को रोके जाने के साथ एमडीए की इस पहल से व्यापारियों के समक्ष आ रही परेशानियों से भी अफसरों को अवगत कराया।

संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल एवं अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में एमडीए सचिव से मिले व्यापारियों ने प्रकाश चौक से महावीर चौक के बीच होने वाले सौंदर्यकरण पर अपना पक्ष रखते हुए समस्या निदान की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में होने वाले सौंदर्यकरण से जहां महावीर चौक से प्रकाश चौक के बीच अनेकों दुकानदार ऐसे हैं जो विभिन्न कंपनियों के डीलर व डिस्ट्रीब्यूटर हैं, उनकी दुकानों पर जो वर्तमान में साइन बोर्ड लगे हैं वह



कंपनियों के नाम व कलर के साथ लगे हैं, जिसको चाहते हुए भी नहीं बदल सकते। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि दुकानों के शटर एक समान रंग के कराए जा सकते हैं जिन्हें संबंधित विभाग द्वारा ही कराया जाए। इसके साथ प्रकाश चौक से महावीर चौक के मध्य रोड पर आने वाले डिवाइडर जो टूटे हैं, कई जगह डिवाइडर से सरिए बाहर आ रहे हैं उनको संबंधित विभाग द्वारा ठीक कराते हुए यहां पर फैंसी लाइट एवं सुसज्जित पौधे व गमले आदि का कार्य भी किए जा सकते हैं। वहीं रोड के ऊपर तारों का जंजाल बना हुआ है, कई जगह बिजली तार लटके हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं उन्हें भी संबंधित विभाग द्वारा ठीक कराया जाए। एमडीए अधिकारियों को व्यापारियों ने कहा कि दुकानदारों को विभाग द्वारा सौंदर्यकरण के लिए पूर्व में जो नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें वापस लिया गया। इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संयोजक राकेश त्यागी, सतपाल मान, सुनील तायल, स. बलविंदर सिंह, शलभ गुप्ता, पवन वर्मा, मनोज जैन, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, रवि शर्मा, भूपेंद्र गोयल, तरुण मित्तल, शिवकुमार अग्रवाल, अतुल गोयल, विक्की अरोरा, हरिओम शर्मा, अभिमन्यु मित्तल, हेमंत मित्तल, शुभम अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। सोमवार को एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति से मिलने पहुंचे व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में सभी व्यापारियों का आक्रोश उस वक्त बढ़ गया, जब व्यापारियों के संख्या बल को देख एमडीए सचिव ने कह दिया कि मात्र दो चार जिम्मेदार यहां रूके और बाकी बाहर चले जायें। इसे लेकर कृष्ण गोपाल मित्तल ने कड़ा ऐतराज जताया और विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि जाने की बात है तो सबसे पहले वो स्वयं बाहर जायेंगे, व्यापारी के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एमडीए को दूसरी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए न कि व्यापारियों को सौन्दर्यकरण के नाम पर परेशान किया जाये।

# सराहनीय : अब साप्ताहिक बंदी पर सभी को बंद रखनी होंगी दुकानें : जिला अधिकारी

### अब सप्ताह में एक दिन दुकानदारों को परिवार के साथ समय बिताने का मिलेगा मौका

**मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी द्वारा एक और सराहनीय कार्य की पहल की गयी है, जिसमें अब साप्ताहिक बंदी के दिन पूरे जनपद में अपने अपने दिन के अनुसार बाजार पूरी तरह से बंद रखना होगा। अभी तक जनपद के अंदर विभागीय ढुल-मुल रवैये के कारण आधार बाजार खुलता था और आधा बंद रहता था। जो दुकानदार दुकानें बंद रखना चाहते थे, उन्हें भी पड़ौसी की देखादेखी मजबूरन दुकानें खोलती पड़ती थी और लगातार दुकानदारों की भी मांग थी कि कम से कम वे एक दिन अपने परिवारों को दे सकें, इसके लिए साप्ताहिक बंदी का मतलब पूर्णतया बाजार बंद होना चाहिए। उसी को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025 के लिए जिले में दुकानों एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों की साप्ताहिक बंदी का ऐलान कर दिया गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 की धारा-08 के तहत दुकानों की साप्ताहिक बंदी की घोषणा की है। वर्ष 2025 के लिए जारी इस सूची में उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम- 1962 के तहत अब नई मंडी, पटेल नगर, नई बस्ती, कंबल वाला बाग, नवीन मंडी स्थल, रामबाग रोड, भोपा रोड, गांधी कॉलोनी (उत्तर और दक्षिण) में रविवार और मुजफ्फरनगर शहर के अन्य सभी दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते पूर्णतः बंद रहेंगे। चरथावल टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान शनिवार, पुरकाजी (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें व वाणिज्य प्रतिष्ठान) गुरूवार और बुढ़ाना (तहसील परिसर में स्थित फोटो स्टूडियो और फोटो स्टेट की दुकानें) रविवार को बंद रहेंगी। बुढ़ाना (नगर क्षेत्र की अन्य सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) सोमवार, शाहपुर (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) रविवार, सिसौली (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) गुरूवार, खतौली (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) सोमवार, जानसठ (टाउन एरिया सीमा के भीतर सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) शनिवार, मीरांपुर टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान शुक्रवार, भोकरहेड़ी टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठानों में साप्ताहिक बंदी शनिवार को निर्धारित की गई है।



## अब आई सांस में सांस : कादिर राणा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट से स्टे

**मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)।** 5 जनवरी से राणा परिवार के सितारे लगातार गर्दिश में चलते दिखाई दे रहे हैं। आपको बता दें कि 5 जनवरी को कादिर राणा की फैक्ट्री में जीएसटी टीम पर हमला हुआ था, जिसमें परिवार के कई लोग आरोपी बनाए गए थे, इस मामले में स्वयं कादिर राणा के भतीजे अभी तक जेल में ही हैं और कादिर राणा को सिविल लाइन पुलिस द्वारा 120-बी का मुल्जिम बनाया गया था। इसी मामले में आज कादिर राणा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हालांकि कादिर राणा की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी मगर उन्हें पुलिस द्वारा फरार घोषित किया गया था। इस मामले में पूर्व सांसद की जमानत खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद की गिरफ़्तारी पर स्टे दिया है। इस मामले में चार्जशीट दाखिल होने से पहले पुलिस को पूर्व सांसद कादिर राणा को गिरफ्तार न करने के आदेश जारी किये गए हैं।



### दिल्ली उपराज्यपाल से भाजपा ने मूल स्थिति में मागा शीशमहल

**नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी चुनाव के बाद भी जारी है। दरअसल भाजपा ने सोमवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि 'शीश महल' के साथ विलय की गई अन्य संपत्तियों को रद्द किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि शीश महल' का विस्तार चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर किया गया है। बता दें कि 'शीश महल' का इस्तेमाल भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया था। सचदेवा ने कहा कि हमारी सरकारी बनने के बाद इस बात का फैसला करेगी कि इस बंगले का इस्तेमाल कैसे करना है। लेकिन हमारा मुख्यमंत्री इस घर में नहीं रहेगा।

## पालिका के राजस्व निरीक्षक विजय पर गाज, छिना दायित्व

### नकारात्मक कार्यप्रणाली से नाराज चेयरपर्सन ने मुख्य कार्यालय से किया अटैच, देखेंगे कंपनी बाग कार्य

**मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की बेपटरी व्यवस्था को सुधारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच अधिकारी-कर्मियों को सुधारने में जुटी है। लंबे समय से अपनी गलत हरकतों के बावजूद तमाम सख्त चेतावनी के साथ अभयदान पा रहे राजस्व निरीक्षक विजय कुमार पर आखिर गाज गिर गई। उनकी लगातार बनी नकारात्मक कार्यप्रणाली व आदेश अवहेलना की बन चुकी आदत को देखते हुए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें राजस्व निरीक्षक के दायित्व से हटाते हुए मुख्य कार्यालय से अटैच कर दिया है। वहीं उनके क्षेत्र का अब अतिरिक्त चार्ज दूसरे राजस्व निरीक्षक को सौंप दिया है।

पालिका के राजस्व निरीक्षक विजय कुमार लंबे समय से अपने कार्य व्यवहार और आचरण को लेकर चर्चाओं का केन्द्र बने रहे हैं। कई बार उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बड़ी गलतियों के बाद भी चेतावनी के साथ पूर्व में अभयदान मिलता रहा है। यहां तक कि भ्रष्टाचार में लिप्त पाने के बाद भी उनको चेतावनी देकर केवल इस उम्मीद पर राहत दी गई थी कि उनके आचरण में सुधार आयेगा, लेकिन पूर्व में मिले अभयदान के बाद भी राजस्व निरीक्षक विजय कुमार पर आरोप लग रहे थे। सूत्रों के अनुसार हाल ही में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में टाउनहाल में कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पात्रों के सत्यापन में घपला करने का आरोप उन पर लगाया गया। इसमें वो बुरी तरह फंस गये थे। इसके साथ दिन में कई बार उन्हें नशे में रहने के आरोप भी लगते रहे। चेयरपर्सन के साथ पालिका के अन्य अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा दायित्वों के निर्वहन को लेकर कर निरीक्षक विजय कुमार निशाने पर रहे। इन आरोपों को लेकर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अब चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कर निरीक्षक विजय कुमार को क्षेत्र से हटाते हुए मुख्य कार्यालय से अटैच कर दिया है। विजय राजस्व निरीक्षक के रूप में रामलीला टिल्ला क्षेत्र देख रहे थे। उनको हटाने के साथ इस क्षेत्र में अतिरिक्त कार्य कर निरीक्षक अमित कुमार को सौंपा गया है।

इन्होंने कहा-

**चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने** बताया कि पालिका के राजस्व निरीक्षक विजय कुमार के आचरण और कार्यप्रणाली को लेकर मिल रही शिकायतों और उनके द्वारा आदेशों की अवहेलना को लेकर कार्यवाही की गई है। हम किसी कर्मचारी का अहित नहीं चाहते, लेकिन जनहितों और पालिका हित के विपरीत कोई भी आचरण कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उनसे क्षेत्र का कार्य भार हटा लिया गया है।



**उधर, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह** ने बताया कि कर निरीक्षक विजय कुमार के खिलाफ कुछ गंभीर मामलों को लेकर चेयरपर्सन स्तर से कार्यवाही की गई है। उन्हें जानकारी मिली है कि कर निरीक्षक विजय कुमार को क्षेत्र से हटाकर मुख्य कार्यालय से अटैच किया गया है। यहां उनको कमला नेहरू वाटिका में चल रहे निर्माण और सफाई कार्य की देखरेख का दायित्व दिया गया है।





